Series : JBB/3

SET – 3

कोड नं. **4/3/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

| नोट | |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं । |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं । |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खंड–ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***6*** *तक प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग*** *में प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***11*** *तक प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ*** *में प्रश्न संख्या* ***12*** *से* ***16*** *तक प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होना चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि* ***दो–दो*** *अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में,* ***तीन*** *अंक वाले* ***1*** *प्रश्न में और* ***पाँच–पाँच*** *अंकों वाले* ***6*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्नका उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

भारत कृषि प्रधान देश है । यहाँ की 65 प्रतिशत आबादी किसानों की है । हमारी अर्थव्यवस्था की धुरी किसान हैं । ये किसान सारे देश में फैले हुए हैं । इनके खेतों में अन्न उगता है । किसान ही भारत के भाग्य विधाता हैं । यही सच्चे शासक हैं । कवियों ने इनकी महत्ता का बहुत गुणगान किया है ।

आज देश को आज़ाद हुए सत्तर वर्ष हो गए हैं पर किसानों की दशा में विशेष सुधार नहीं हुआ है । आज भी उनकी दशा दयनीय बनी हुई है । वे आज भी अशिक्षा, दरिद्रता एवं पिछड़ेपन में जी रहे हैं । उनके बच्चों के लिए अभी तक शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई है । गाँवों में स्कूलों की संख्या नगण्य है और शिक्षकों की कमी बनी रहती है । दरिद्रता ने अभी तक उनको बुरी तरह जकड़ रखा है । अभी भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में किसान आर्थिक बोझ के तले दबे हुए हैं और आत्महत्या करने को विवश हैं, यह सब उनकी आर्थिक विवशता के कारण हो रहा है । पहले किसान जमींदारों से ऋण लेते थे, आज का किसान

बैंकों के ऋण तले दबा हुआ हैं । सरकार ने कई हज़ार करोड़ रुपए के किसान ऋण को माफ़ किया है, पर वह अपर्याप्त है । किसान अभी भी पिछड़ेपन का शिकार बना हुआ है । दुनिया ने भले ही कितनी भी तरक्की क्यों न कर ली हो, पर किसान के लिए यह निरर्थक है । किसान के गाँव अभी भी तरक्की की दौड़ में बहुत पीछे हैं । उनके लिए योजनाएँ तो बहुत बनती हैं, पर सब कागज़ों पर । उन पर अमल शायद ही कभी हो पाता है । गाँवों में आज भी जन-सुविधाओं की कमी है, आज भी उनके घर का वातावरण गंदगी से परिपूर्ण है । उन्हें शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पाता ।

(क) किसान का क्या महत्त्व बताया गया है ? **2**

(ख) किसान की दशा पर टिप्पणी कीजिए । **2**

(ग) गाँवों की दशा किस प्रकार सुधारी जा सकती है ? **2**

(घ) किसानों की आर्थिक स्थिति के सुधार के लिए सरकार ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं ? **2**

(ङ) 'कृषि प्रधान देश' का क्या तात्पर्य है ? **1**

(च) गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । **1**

## खंड 'ख'

2. 'पद' को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **1**

3. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) हरिहर काका के हाथ-पाँव बाँधकर उनके मुँह में कपड़ा ठूँस दिया गया । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) हरिहर काका ज़मीन पर लुढ़कते हुए दरवाजे तक पहुँचे और पैर से दरवाज़े पर धक्का लगाया । (सरल वाक्य में)

(ग) गाँव के बच्चों ने तो ठाकुरबारी की ओर जाना ही बंद कर दिया था । (मिश्र वाक्य में)

4. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**

(i) आमरण, (ii) देशभक्ति

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**

(i) तीन भुजाओं का समूह

(ii) चंद्र के समान मुख है जिसका

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) क्या आप यह कहानी पढ़े हैं ?

(ख) तुम तुम्हारे घर पर तो नहीं थे ।

(ग) प्रतियोगिता के लिए केवल मात्र दो छात्रों को जाना है ।

(घ) उसकी क्या बात, वह तो कलाकार आदमी है ।

6. निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **1 × 4 = 4**

(क) जी–तोड़ मेहनत करना

(ख) चैन की साँस लेना

(ग) नौ–दो ग्यारह होना

(घ) घी के दिए जलाना

## खंड 'ग'

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) शुद्ध सोना और गिन्नी के सोने में क्या अंतर है ?

(ख) छोटे भाई ने टाइम–टेबिल बनाकर भी उसका पालन नहीं किया । इसका कारण समझाइए ।

(ग) "डायरी का एक पन्ना" के संदर्भ में लिखिए कि धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया ?

(घ) तताँरा वामीरो की कथा स्थानीय समाज में किन कारणों से प्रसिद्ध हो गई ?

8. लगभग **80-100** शब्दों में उत्तर लिखिए :

प्रकृति के संबंध में 'निदा फ़ाज़ली' की माँ क्या करने–न करने को कहा करती थी ? उनका औचित्य स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

'वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ।' इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए और लिखिए कि कोई भी उसके व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित हो जाता है ? **5**

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'साखी' शब्द का क्या अर्थ है ? कबीर ने अपनी साखियों के माध्यम से किन भावनाओं को व्यक्त किया है ? पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ख) 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि मनुष्य को क्या प्रेरणा देना चाहता है ?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किससे की गई है, और क्यों ?

(घ) 'तोप' कविता के माध्यम से कवि क्या सीख देना चाहता है और क्यों ?

10. लगभग **80-100** शब्दों में उत्तर लिखिए :

आत्मत्राण कविता की प्रार्थना अन्य निवेदनों से भिन्न क्यों है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' कविता की मूल संवेदना स्पष्ट करते हुए उसका प्रतिपाद्य लिखिए । **5**

11. लगभग **60-70** शब्दों में उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) समाज में रिश्तों की क्या महत्ता है ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) विद्यालय में ऐसा क्या हो कि सभी बच्चे खुशी–खुशी विद्यालय आएँ, 'सपनों के – से दिन' पाठ को आधार बनाकर लिखिए ।

## खंड – 'घ'

12. विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की आवश्यकता समझाते हुए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

आपके विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह संपन्न हुआ । इसका विवरण देते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखकर उसे प्रकाशित करने का अनुरोध कीजिए । **5**

13. आपके विद्यालय में मोबाइल लाना निषिद्ध किया गया है । प्रधानाचार्य की ओर से इससे संबंधित सूचना 40-50 शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

आप अपने विद्यालय की छात्र सभा के सचिव हैं और विद्यालय में दीवाली मेला आयोजित करवाना चाहते हैं । उससे संबंधित, एक सूचना 40-50 शब्दों में लिखिए । **5**

14. किसी कलम बनाने वाली कंपनी के लिए "लेखनी" नाम के नए उत्पाद हेतु लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

आप अपनी साइकिल बेचना चाहते हैं । उसके लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **5**

15. ग्यारहवीं कक्षा में विषयों के चयन के बारे में माँ और पुत्री के बीच लगभग 50-60 शब्दों में संवाद लिखिए । **5**

**अथवा**

बढ़ते प्रदूषण पर दो मित्रों में बातचीत को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए । **5**

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **80-100** शब्दों में संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए । **6**

(क) करत–करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

- परिश्रम का महत्त्व
- प्रतिभा का आधार
- सफलता का रहस्य

(ख) आतंकवाद : समस्या और समाधान

- ज्वलंत समस्या क्यों ?
- आतंकवाद की जड़
- समाधान क्या हो

(ग) बस्ते का बढ़ता बोझ

- बोझ क्यों बढ़ रहा है ?
- हानियाँ
- कैसे हो कम

---